दिनांक : 16.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे की पूरी तस्वीर बदलने के लिए हर आयाम पर विकास कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा ध्यान यात्री सुविधाओं पर दिया जा रहा है। श्री वैष्णव आज जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर उत्तर–पश्चिम रेलवे के 65 स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने जयपुर–असारवा एक्सप्रेस में वातानुकूलित श्रेणी के सभी यात्रियों के लिए प्रिंटेड लिनेन कंबल कवर व्यवस्था का भी शुभारंभ किया। इस दौरान श्री वैष्णव ने कहा कि रेल यात्रियों के सफर को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न नवाचार किये जा रहे हैं। ये कवर उन्हीं नवाचारों में से एक है।

..............

कार्यक्रम में सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजू शर्मा सहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

000

राज्य सरकार ने जैसलमेर बस दुखांतिका में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री सहायता कोष नियमों में शिथिलता देते हुए यह स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत मृतकों के आश्रितों को 10–10 लाख रुपये दिये जाएंगे। वहीं जिन परिवारों के 3 या अधिक लोगों की मृत्यु हुई है, उन परिवारों को 25–25 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर घायलों को 2–2 लाख रुपये और अन्य घायलों की 1–1 लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी।

इस बीच, जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखे शवों के डीएनए परीक्षण और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिला प्रशासन की ओर से मृतकों के शव परिजनों को सौंपे जा रहे हैं।

000

उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

000

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आज भरतपुर के वैर में कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने पर जोर दिया गया। इस दौरान विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने लोगों को भारतीय वस्तुओं को अपनाने और देशी उद्योगों को मजबूत बनाने की बात कही।

000

विश्व खाद्य दिवस पर आज प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इनके माध्यम से लोगों को पौष्टिक आहार के बारे में जानकरी दी जा रही है। भारतीय डाक विभाग की ओर से जयपुर जीपीओ में समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान एक पिक्चर पोस्टकार्ड का विमोचन भी किया जाएगा।

000

आज विश्व मेरूदंड दिवस है। इसका उद्देश्य रीढ़ के स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष का विषय है–स्वस्थ मेरुदंड–स्वस्थ भविष्य। वर्ष 2050 तक 843 मिलियन लोगों के रीढजनित रोगों से पीड़ित होने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि जागरुकता और स्वस्थ जीवन–शैली से रीढ़ की हड्डी के दर्द और विकलांगता से बचना संभव है।

000

त्यौहारी सीजन को देखते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशों के अनुसार प्रदेश में कई स्थानों पर नये नोट और नये सिक्कों के वितरण के लिए बैंकों की ओर से मेले लगाये जा रहे हैं। इसी

कड़ी में जालौर में भारतीय स्टेट बैंक परिसर में लगाये गये मेले में बड़ी संख्या में व्यापारी और आम लोग पहुंचे। पाली जिले के रोहट में राजस्थान ग्रामीण बैंक की ओर से मोबाइल वैन के माध्यम से सिक्के और नोट वितरित किये गये। साथ ही कटे–फटे और पुराने नोट बदले गये।

000

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई के सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिन के इस सम्मेलन का विषय **भगोड़ों के प्रत्यर्पण–चुनौतियाँ एवं रणनीतियाँ** रखा गया है। सम्मेलन में विभिन्न केंद्रीय और राज्य पुलिस एजेंसियों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। साथ ही भगोड़ों का पता लगाने और उन्हें भारत वापस लाने की रणनीति तैयार की जा रही है।

000